

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**157/2026***

## राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार लोक भवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया

**पटना 15 अगस्त, 2026** :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार लोक भवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'एक शाम शहीदों के नाम' में भाग लिया। कार्यक्रम में कर्नल वी.पी. सिंह ने ओजपूर्ण देशभक्ति कविताओं का पाठ किया तथा बिहार रेजीमेंटल सेंटर के सैनिकों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर राज्यपाल ने वर्ष 2008 के कश्मीर के चुनौतीपूर्ण दौर को याद करते हुए कहा कि अलगाववादी गतिविधियों के बीच केवल सैन्य कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं थी, बल्कि देश की एकता और अखंडता का मजबूत संदेश देना भी जरूरी था। इसी उद्देश्य से उन्होंने कवि एवं चिकित्सक डा० कर्नल वी.पी. सिंह को बारामूला आमंत्रित किया था। 27 अक्टूबर को आयोजित उनका कार्यक्रम राष्ट्र की एकता और सुरक्षा के प्रति लोगों में विश्वास जगाने में सफल रहा और यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की एकता एवं अखंडता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कर्नल वी० पी० सिंह एवं लेफ्टिनेंट विशाल कुमार को सम्मानित भी किया। उल्लेखनीय है कि बेगूसराय के लेफ्टिनेंट विशाल कुमार को 158वीं भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड में प्रतिष्ठित स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और राष्ट्रपति स्वर्ण पदक से इसी वर्ष राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम को माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने भी संबोधित किया।

.................................